रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-72 REGISTERED No. D. (D.)-72

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 312] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 28, 1978/कार्तिक 6, 1900
No. 312] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 28, 1978/KARTIKA 6, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(पैट्रोलियम विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर, 1978

सा० का० नि० 512(अ) :—केन्द्रीय सरकार, तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 (1974 का 47) की धारा 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम तेल उद्योग विकास बोर्ड (कर्मचारियों की अंशदायी भविष्य निधि) नियम, 1978 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) 'बोर्ड' से अभिप्रेत है तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 (1974 का 47) की धारा 3 के अधीन गठित तेल उद्योग विकास बोर्ड;

(ख) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत बोर्ड का अध्यक्ष;

(ग) "मुख्य लेखा अधिकारी" से अभिप्रेत है तेल उद्योग विकास बोर्ड का वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी;

(घ) "बालक" से अभिप्रेत है अप्राप्त बालक, और इसके अन्तर्गत, जहां अभिदाता को लागू स्वीय विधि द्वारा दत्तक ग्रहण को मान्यता प्राप्त है वहां, दत्तक बालक भी है;

(ङ) "उपलब्धियां" से वेतन, छुट्टी का वेतन, अथवा बोर्ड द्वारा समय समय पर अवधारित रीति से दिया जाने वाला जीवन निर्वाह अनुदान, यदि कोई हो, अभिप्रेत है, और इसके अन्तर्गत वेतन, छुट्टी के वेतन, या जीवन निर्वाह अनुदान, के यदि अनुज्ञेय है तो, उपयुक्त महंगाई वेतन भी है,

(च) "कर्मचारी" से बोर्ड द्वारा सीधे भर्ती किया गया व्यक्ति अथवा ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो केन्द्रीय सरकार के प्राधीन सेवा से त्यागपत्र देने के बाद, बिना व्यवधान के, लोकहित में, बोर्ड के कर्मचारी के रूप में आमेलित किया गया हो,

(छ) 'कुटुम्ब' से निम्नलिखित अभिप्रेत है,—

(i) पुरुष अभिदाता की दशा में, अभिदाता की पत्नी या पत्नियां और बालक, तथा अभिदाता के किसी मृतक पुत्र की विधवा या विधवाएं और बालक,

परन्तु यदि अभिदाता यह साबित कर देता है कि उसकी पत्नी उससे न्यायिक रूप से पृथक हो गई है, अथवा वह उस समुदाय की, जिसकी कि वह है, रूढ़िक विधि के अधीन उससे भरणपोषण प्राप्त करने की अन्यथा हकदार नहीं रह गई है तो, आगे से यह समझा जाएगा कि वह उन मामलों में, जिनका संबंध इन नियमों से है, अभिदाता के कुटुम्ब की

सदस्य नहीं रह गई है, जब तक कि अभिदाता ने सचिव को लिखित रूप में बाद में यह सूचना न दे दी हो कि उसे बराबर इसी रूप में माना जाता रहेगा,

(ii) स्त्री अभिदाता की दशा में, अभिदाता का पति और बालक, तथा अभिदाता के किसी मृतक पुत्र की विधवा या विधवाएं और बालक,

परन्तु यदि कोई अभिदाता सचिव को लिखित रूप में सूचना देकर अपने पति को अपने कुटुम्ब से अपवर्जित कर देने की अपनी इच्छा व्यक्त करती है तो आगे से यह समझा जाएगा कि वह पति उन मामलों में, जिनका संबंध इन नियमों से है, अभिदाता के कुटुम्ब का सदस्य नहीं रह गया है, जब तक कि अभिदाता बाद में लिखित रूप में यह सूचना रद्द न कर दे,

(ज) 'निधि' से तेल उद्योग विकास बोर्ड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि अभिप्रेत है,

(झ) 'छुट्टी' से बोर्ड द्वारा मान्य किसी भी प्रकार की छुट्टी अभिप्रेत है,

(ञ) 'सचिव' से बोर्ड का सचिव अभिप्रेत है;

(ट) 'अभिदाता' से निधि का सदस्य अभिप्रेत है;

(ठ) 'वर्ष' से वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है;

(ड) ऐसे शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हुए हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु भविष्यनिधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे जो उन्हें उस अधिनियम में क्रमशः दिए गए हैं,

(ढ) ऐसे शब्दों और पदों से, जो यहां प्रयुक्त हुए हैं और इन नियमों अथवा भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) में परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो उन्हें क्रमशः मौलिक नियमों में दिए गए हैं।

3. निधि का गठन—(1) निधि रुपयों में रखी जाएगी।

(2) इन नियमों के अधीन निधि में संदत्त सभी रकमें डाकखाने के या किसी राष्ट्रीकरण बैंक के बचत-बैंक खाते में, जिसका नाम "तेल उद्योग विकास बोर्ड कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि खाता" होगा और जो न्यासियों के लिए, जो निम्नलिखित होंगे, लेखा अधिकारी द्वारा चलाया जाएगा, जमा की जाएगी और बोर्ड की पुस्तकों में इस प्रकार जमा की गई दिखाई जाएंगी :—

(i) सचिव, तेल उद्योग विकास बोर्ड, पदेन,

(ii) मुख्य लेखा अधिकारी, तेल उद्योग विकास बोर्ड, पदेन, और

(iii) सीधे भर्ती किए गए कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि, जिसे अध्यक्ष अपने विवेकानुसार, नामनिर्दिष्ट करेगा।

(3) उपनियम (2) के खण्ड (iii) के अधीन इस प्रकार नाम निर्दिष्ट प्रतिनिधि नामनिर्देशन की तारीख से एक वर्ष से अनधिक की ऐसी अवधि के लिए, जो अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, न्यासी के रूप में कार्य करेगा।

(4) निधि में की वे अनुबद्ध रकमें, जो निधि में से बाध्यकर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तत्काल आवश्यक न हों, ऐसी सरकारी प्रतिभूतियों, सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों, लघु बचत लिखतों या जमा स्कीमों में अथवा ऐसी अन्य रीति से जमा की जाएगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

4. पात्रता की शर्तें—(1) ये नियम ऐसे हर कर्मचारी को लागू होंगे, जिसने उस मास के, जिसमें उसने एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी की थी, बाद वाले मास के प्रारम्भ से बोर्ड के सचिवालय में एक वर्ष की निरन्तर सेवा पूरी कर ली हो।

(2) यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जिसे निधि के फायदे दिए गए हैं, उन फायदों के किए जाने से पूर्व किसी समय किसी सरकारी या अर्ध-सरकारी अंशदायी भविष्य निधि में अभिदाता रहा तो उक्त अंशदायी भविष्य निधि में उसके नाम जमा रकमें (जिनमें ऐसी भविष्य निधि में उसके संबंध में, उसके भूतपूर्व नियोजकों के अंशदान, यदि कोई हो, भी सम्मिलित है, उन पर ब्याज सहित, उन दशाओं में निधि में उसके नाम अन्तरित कर दी जाएंगी जहां ऐसा कर्मचारी सभी प्रयोजनों के लिए भूतपूर्व नियोजक का कर्मचारी नहीं रह गया है।

5. नामनिर्देशन—(1) खाते में शामिल होते समय अभिदाता सचिव के पास एक नामनिर्देशन पत्र भेजेगा जिसमें वह रकम संदेय होने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने की दशा में या उस दशा में जब रकम संदेय हो किन्तु दी न गई हो, एक या अधिक व्यक्तियों को यह रकम प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करेगा, तो निधि में अभिदाता के नाम जमा हो;

परन्तु नामनिर्देशन करते समय अभिदाता का कोई कुटुम्ब हो तो नामनिर्देशन उसके कुटुम्ब के सदस्य या सदस्यों से भिन्न किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और कि जहां किसी अन्य भविष्य निधि में अभिदाता के नाम जमा रकमें निधि को अन्तरित कर दी गई हों वहां ऐसी भविष्य निधि के संबंध में किया गया नाम निर्देशन, जब तक कि वह इस नियम के अनुसार कोई नामनिर्देशन नहीं करता, या नहीं करती, इस नियम के अनुसार सम्यक् रूप से किया गया नया नामनिर्देशन समझा जाएगा।

(2) यदि कोई अभिदाता उपनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों का नामनिर्देशन करता है तो वह प्रत्येक नामनिर्देशिती को संदेय रकम या अंश उस नामनिर्देशन पत्र में इस रीति से विनिर्दिष्ट करेगा कि खाते में किसी भी समय उसके नाम जमा सकल सब रकम उसके अन्तर्गत आ जाए।

(3) प्रत्येक नामनिर्देशन प्रथम अनुसूची में दिए गए प्ररूपों में से उस एक प्ररूप में किया जाएगा जो परिस्थितियों में उपयुक्त हो।

(4) अभिदाता सचिव को लिखित रूप में सूचना भेजकर किसी भी समय नामनिर्देशन रद्द कर सकता है और यदि वह नामनिर्देशन इस प्रकार रद्द कर देता है तो वह ऐसी सूचना के साथ या अलग से ऐसा नया नाम निर्देशन भेजेगा जो इस नियम के उपबन्धों के अनुसार किया गया हो।

(5) अभिदाता नामनिर्देशन में निम्नलिखित की व्यवस्था कर सकेगा,—

(क) किसी विनिर्दिष्ट नामनिर्देशिती के संबंध में, यह कि अभिदाता से पहले उसकी मृत्यु हो जाने पर उस नामनिर्देशिती को दिया गया अधिकार ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को चला जाएगा जो नामनिर्देशन में विनिर्दिष्ट किए जाएं :

परन्तु यदि अभिदाता के कुटुम्ब के अन्य सदस्य हैं तो उपर्युक्त अन्य व्यक्ति उसके कुटुम्ब के ही ऐसे अन्य सदस्य होंगे और यह कि यदि अभिदाता इस खण्ड के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों को ऐसा अधिकार प्रदान करता है तो वह ऐसे व्यक्तियों में से प्रत्येक को संदेय रकम या अंश ऐसी रीति से विनिर्दिष्ट करेगा कि उसके अन्तर्गत वह सारी रकम आ जाए जो किसी भी समय उसके नाम जमा हो।

(ख) यह कि नामनिर्देशन, उसमें विनिर्दिष्ट किसी आकस्मिकता के घटित होने पर अधिदिमान्य हो जाएगा :

परन्तु यदि नामनिर्देशन करते समय अभिदाता का कोई कुटुम्ब नहीं है तो वह नामनिर्देशन में इस बात का उपबन्ध करेगा कि यदि बाद में

उसका कोई कुटुम्ब हो जाता है तो उपयुक्त नामनिर्देशन अविभिमान्य हो जाएगा :

परन्तु यह और कि यदि नामनिर्देशन करते समय अभिदाता का कोई कुटुम्ब का केवल एक ही सदस्य है तो वह नामनिर्देशन में यह व्यवस्था करेगा कि खण्ड (क) के अधीन अनुकल्पी नामनिर्देशिती को प्रदत्त अधिकार उस दशा में अविधिमान्य हो जाएगा जब बाद में उसके कुटुम्ब में कोई अन्य सदस्य आ जाता है या आ जाते हैं ।

(6) ऐसे नामनिर्देशिती की मृत्यु के तुरन्त बाद, जिसकी मृत्यु की बाबत उप-नियम (5) के खण्ड (क) के उपबन्ध के अनुसार नाम-निर्देशन में कोई व्यवस्था नहीं की गई है, अथवा ऐसी कोई घटना घट जाने पर जिसके कारण उस उप नियम के खण्ड (क) के अनुसरण में किए गए किसी उपबन्ध के आधार पर वह नामनिर्देशन अविधिमान्य हो जाता है, अभिदाता नामनिर्देशन को रद्द करते हुए सचिव को लिखित रूप में एक सूचना भेजेगा और उसके साथ इस नियम के उपबन्धों के अनुसार एक नया नामनिर्देशन भी भेजेगा ।

(7) अभिदाता द्वारा किया गया प्रत्येक नामनिर्देशन और उसे रद्द किए जाने की प्रत्येक सूचना उस सीमा तक जिस सीमा तक वह विधिमान्य है, उस तारीख को प्रभावी हो जाएगी जिसको वह सचिव को प्राप्त होती है।

6. अभिदाता के खाते प्रत्येक अभिदाता के नाम एक खाता खोला जाएगा जिसमें निम्नलिखित विख्याए जाएंगे—

(i) उसके अभिदाय,

(ii) बोर्ड द्वारा नियम 10 के अधीन खाते में किए गए अंशदान,

(iii) अभिदायों पर ब्याज, जैसा कि नियम 11 द्वारा उपबन्धित है,

(iv) अंशदानों पर ब्याज, जैसा कि नियम 11 में उपबन्धित है ।

(v) खाते में से लिए गए उधार और निकाली गई रकमें ।

7. अभिदाय की शर्तें—(1) प्रत्येक अभिदाता, जब वह ड्यूटी पर हो तब किन्तु निलम्बन की अवधि के दौरान नहीं, निधि में प्रतिमास अभिदाय करेगा :

परन्तु निलम्बन की अवधि के पश्चात पुनः स्थापन पर अभिदाता को उस अवधि के लिए अनुज्ञेय अभिदायों के बकायों की अधिकतम रकम से अनधिक कोई रकम एक मुश्त, या किस्तों में, देने का विकल्प अनुज्ञात किया जाएगा।

(2) अभिदाता ऐसी छुट्टी के दौरान, जिसमें कोई छुट्टी वेतन न मिलता हो, या जिसका छुट्टी वेतन आधे वेतन या आधे औसत वेतन के बराबर या उससे कम हो, अपने विकल्प पर, अभिदाय नहीं भी कर सकेगा।

(3) अभिदाता उप-नियम (2) में निर्दिष्ट छुट्टी के दौरान अभिदाय न करने की अपनी इच्छा निम्नलिखित रीति से सूचित करेगा, अर्थात :

(क) यदि वह ऐसा अधिकारी है जो अपने वेतन बिल स्वयं लिखता है तो, छुट्टी पर जाने के पश्चात लिखे गए अपने पहले वेतन बिल में अभिदायों मद्दे कोई भी कटौती न करके,

(ख) यदि वह ऐसा अधिकारी नहीं है जो अपना वेतन बिल स्वयं लिखता है तो, छुट्टी पर जाने से पूर्व कार्यालय के अध्यक्ष को लिखित संसूचना भेजकर,

टिप्पण :—(i) समय पर सम्यक् सूचना न देने पर यह समझा जाएगा कि उसने अभिदाय करने का चयन किया है ।

(ii) इस उपनियम के अधीन सूचित अभिदाता का विकल्प अन्तिम होगा ।

(4) वह अभिदाता, जिसने नियम 18 के अधीन अभिदाय की रकम और उस पर ब्याज निकाल लिया है, ऐसी निकासी के पश्चात निधि में तब तक अभिदाय नहीं करेगा जब तक कि वह ड्यूटी पर वापस न आ जाए।

8. अभिदाय की दर—(1) अभिदाय की रकम, निम्नलिखित शर्त के अधिन रहते हुए, स्वयं अभिदाता द्वारा नियत की जाएगी, अर्थात :—

(क) इसे पूरे-पूरे रुपयों में व्यक्त किया जाएगा,

(ख) यह इस प्रकार व्यक्त की गई कोई भी रकम हो सकती है जो उसकी उपलब्धियों के 8-1/3 प्रतिशत से कम नहीं होगी और उसकी उपलब्धियों से अधिक नहीं होगी।

(2)(2) उपनियम (1) के प्रयोजनार्थ, अभिदाता की उपलब्धियां :—

(क) ऐसे अभिदाता की दशा में, जो पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में था, वे उपलब्धियां होंगी जिनका वह उस तारीख को हकदार था :

परन्तु—,

(i) यदि अभिदाता उक्त तारीख को छुट्टी पर रहा हो और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदाय न करने का चयन किया हो, या उक्त तारीख को निलम्बित रहा हो तो, उसकी उपलब्धियां वे उपलब्धियां होंगी जिनके लिए वह ड्यूटी पर वापस आने के पश्चात के पहले दिन हकदार था,

(ii) यदि अभिदाता उक्त तारीख को भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर था या उक्त तारीख को छुट्टी पर था और तब से छुट्टी पर रहा है और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदाय करने का चयन दिया है तो, उसकी उपलब्धियां वे उपलब्धियां होंगी जिनके लिए वह तब हकदार होता जब वह भारत में ड्यूटी पर रहता;

(iii) यदि अभिदाता उक्त तारीख के पश्चातवर्ती दिन को प्रथम बार निधि में शामिल हुआ हो तो, उसकी उपलब्धियां वे उपलब्धियां होंगी, जिनके लिए वह ऐसी पश्चातवर्ती तारीख को हकदार था;

(ख) ऐसे अभिदाता की दशा में जो पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में नहीं था, वे उपलब्धियां होंगी, जिनके लिए वह सेवा के प्रथम दिन हकदार था, अथवा यदि वह अपनी सेवा के प्रथम दिन के पश्चात पहली बार निधि में शामिल हुआ है तो वे उपलब्धियां होंगी जिनके लिए वह ऐसी पश्चात वर्ती तारीख को हकदार था :

परन्तु यदि अभिदाता की उपलब्धियां ऐसी हैं जो घटती-बढ़ती रहती है तो उनकी गणना ऐसी रीति से की जाएगी जिसका सचिव निदेश दे ;

(3) अभिदाता प्रतिवर्ष मासिक अभिदाय की रकम निश्चित किए जाने की सूचना निम्नलिखित रीति से देगा :

(क) यदि वह पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च से ड्यूटी पर था तो, ऐसी कटौती द्वारा जो वह उस मास के अपने वेतन बिल में से इस निमित करता है या करवाता है,

(ख) यदि वह पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदाय न करने का चयन किया था या वह उस तारीख को निलम्बित था तो, ऐसी कटौती द्वारा जो वह ड्यूटी से वापस आने के बाद के अपने प्रथम वेतन बिल में से इस निमित करता है या करवाता है,

(ग) यदि वह वर्ष के दौरान प्रथम बार बोर्ड की सेवा में आया है तो, ऐसी कटौती द्वारा जो वह उस मास के, जिसके दौरान वह निधि में शामिल होता है, अपने वेतन बिल में से इस निमित्त करता है या करवाता है;

(घ) यदि वह पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था और छुट्टी पर बना रहता है, और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदाय करने का चयन किया है, अथवा यदि वह पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को अन्यत्र सेवा में था, तो, ऐसी कटौती द्वारा जो वह उस मास के अपने वेतन बिल में से इस निमित्त करवाता है,

(ङ) यदि उसकी उपलब्धियां उपनियम (2) के परन्तुक में निर्दिष्ट प्रकार की हैं तो ऐसी रीति से जिसका निदेश सचिव दे।

(4) इस प्रकार नियत किया गया अभिदाय वर्ष के दौरान किसी भी समय एक बार बढ़ाया या घटाया जा सकता है:

परन्तु यदि अभिदाय की रकम को इस प्रकार घटाया जाए तो वह उप-नियम (1) द्वारा विहित न्यूनतम से कम नहीं होगी :

परन्तु यह और कि यदि कोई अभिदाता किसी कलेंडर मास के किसी भाग के लिए बिना वेतन या आधे वेतन अथवा आधे औसत वेतन की छुट्टी पर है और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदाय न करने का चयन किया है तो संदेय अभिदाय की रकम ड्यूटी पर बिताये गए दिनों की संख्या के, जिसमें ऊपर निर्दिष्ट प्रकार की छुट्टी से भिन्न छुट्टी, यदि कोई हो, सम्मिलित है, अनुपात में होगी।

9. अभिदायों की वसूली—(1) जब निधि में से उपलब्धियां ली जाएं तब उन उपलब्धियों मद्दे अभिदायों की तथा लिए गए अग्रिम की मूल रकम और उनके ब्याज की वसूली ऐसी उपलब्धियों में से की जाएगी।

(2) जब उपलब्धियां किसी अन्य स्रोत से ली जायें तब अभिदाता अपनी देय रकमें प्रतिमास मुख्य लेखा अधिकारी को भेजेगा।

10. बोर्ड द्वारा अंशदान—(1) बोर्ड प्रतिवर्ष 31 मार्च से प्रत्येक अभिदाता के खाते में अंशदान करेगा :

परन्तु यदि कोई अभिदाता वर्ष के दौरान सेवा छोड़ देता है या उसकी मृत्यु हो जाती है तो अंशदान पूर्वगामी वर्ष की समाप्ति और यथास्थिति, सेवा छोड़ने या मृत्यु हो जाने के बीच की अवधि के लिए उसके खाते में जमा किए जाएंगे :

परन्तु यह और कि किसी किसी अवधि के लिए, जिसके लिए अभिदाता को नियमों के अधीन निधि में अभिदाय न करने की अनुज्ञा मिल गई है, या वह निधि में अभिदाय नहीं करता है, कोई अंशदान संदेय नहीं होगा ।

(2) अंशदान, यथास्थिति उस वर्ष या अवधि के दौरान ड्यूटी पर ली गई अभिदाता की उपलब्धियों का ऐसा प्रतिशत होगा जो अंशदायी भविष्य निधि नियम (भारत) 1962 के अधीन साधारण या विशेष आदेश द्वारा विहित किया गया है या किया जाए:

परन्तु यदि अभिदत्त रकम मूल से या अन्यथा, नियम 8 के उपनियम (1) के अधीन अभिदाता द्वारा संदेय न्यूनतम अभिदाय से कम है और जितना अभिदाय कम रहा गया है वह और उस पर प्रोदभूत ब्याज अभिदाता द्वारा ऐसे समय के भीतर नहीं दे दिया जाता जो ऐसा उधार, जिसे देने के लिए नियम 12 के उपनियम (3) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित हैं, मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए तो, बोर्ड द्वारा संदेय अंशदान अभिदाता द्वारा वस्तुतः दी गई रकम अथवा बोर्ड द्वारा सामान्यतः संदेय रकम के, इनमें से जो भी कम हो, बराबर होगा, जब तक कि बोर्ड किसी विशेष मामले में अन्यथा निदेश न दे।

(3) यदि कोई अभिदाता छुट्टी के दौरान अभिदाय करने का चयन करता है तो उसकी छुट्टी का वेतन इस नियम के प्रयोजनों के लिए ड्यूटी पर ली गई उपलब्धियां समझा जाएगा।

(4) यदि कोई अभिदाता निलम्बन की किसी अवधि की बाबत अभिदायों के बकायों को देने का चयन करता है तो उपलब्धियों या उपलब्धियों का वह भाग, जो पुनःस्थापन पर उस अवधि के लिए अनुज्ञात किया जाए, इस नियम के प्रयोजन के लिए, ड्यूटी पर ली गई उपलब्धियां समझा जाएगा।

(5) संदेय अंशदान की रकम निकटतम पूरे-पूरे रुपये में (पचास पैसे को अगला रुपया गिना जाएगा) कर ली जाएगी।

11. ब्याज—(1) बोर्ड निधि में किसी अभिदाता के नाम जमा रकम पर उसके खाते में ब्याज ऐसी दर से जमा करेगा, जिसे केन्द्रीय सरकार, सरकारी सेवकों के लिए रखे गए साधारण भविष्य निधि के अभिदायों पर ब्याज का संदाय करने के लिए समय समय पर विहित करे।

(2) यदि वित्तीय वर्ष के दौरान निधि में हुए संचयों में से किए गए विनिधानों पर वस्तुतः वसूल की गई ब्याज की कुल रकम और उसी वर्ष की बाबत सभी अभिदाताओं को दी गई ब्याज की कुल रकम के बीच कोई अन्तर है तो बोर्ड उसका अभिदाय करेगा।

(3) ब्याज प्रतिवर्ष 31 मार्च से निम्नलिखित रीति से जमा किया जाएगा :

(i) पूर्वगामी वर्ष की 31 मार्च को अभिदाता के नाम जमा रकम में से चालू वर्ष के दौरान निकाली गई रकमों को घटाकर बची शेष रकम पर बारह मास का ब्याज :

(ii) चालू वर्ष के दौरान निकाली गई रकमों पर—चालू वर्ष की पहली अप्रैल से लेकर उस मास के, जिसमें रकम निकाली गई थी, पूर्ववर्ती मास के अंतिम दिन तक का ब्याज;

(iii) पूर्वगामी वर्ष के 31 मार्च के पश्चात अभिदाता के खाते में जमा सभी रकमों पर जमा की तारीख से लेकर चालू वर्ष की 31 मार्च तक का ब्याज;

(iv) ब्याज की कुल रकम निकटतम पूरे पूरे रुपये में (पचास पैसे को अगला रुपया गिना जाएगा) कर ली जाएगी ।

परन्तु जब किसी अभिदाता के नाम जमा रकम संदेय हो गई हो तब इस पर ब्याज इस उपनियम के अधीन, यथास्थिति चालू वर्ष के आरम्भ से लेकर या जमा की तारीख से लेकर उस तारीख तक की अवधि के लिए ही जमा किया जाएगा जिसको अभिदाता के नाम जमा रकम संदेय होती है।

(4) इस नियम के प्रयोजनों के लिए, जमा की तारीख उस मास का प्रथम दिन समझी जाएगी जो उस मास के ठीक बाद आता है जिस में अभिदाता की उपलब्धियां ली जाती हैं या वितरित की जाती हैं;

परन्तु यदि किसी अभिदाता की उपलब्धियां उस मास की जिससे उनका संबंध है, अंतिम तारीख की समाप्ति के पूर्व नहीं ली गई हैं और परिणामतः निधि मद्दे उनके अभिदाय की वसूली में विलम्ब हुआ है तो ऐसे अभिदाय पर ब्याज उस मास से संदेय होगा जिसमें

अभिदाता का वेतन या छुट्टी का वेतन देय हो गया था भले ही वह किसी भी मास में लिया गया हो।

(5) ब्याज उस मास के, जिसमें संदाय किया जाता है, ठीक पूर्वगामी मास की समाप्ति तक, अथवा उस मास के पश्चात् जिसमें वह रकम संदेय हो गई थी, छठे मास की समाप्ति तक इनमें से जो भी अवधि कम हो, के लिए उस व्यक्ति को संदेय होगा जिसे ऐसी रकम संदत्त की जानी है :

परन्तु कोई भी ब्याज उस तारीख के बाद की, जिसे सचिव ने उस व्यक्ति को ऐसी तारीख के रूप में सूचित किया है, जिस तारीख को वह नकद संदाय करने के लिए तैयार है, अथवा यदि वह चैक से संदाय करता है तो उस तारीख के बाद की, जिसको उस व्यक्ति के नाम का चैक डाक द्वारा भेजा जाता है, किसी अवधि के लिए जमा नहीं किया जाएगा ।

(6) निधि में के अतिशेषों पर किसी अभिदाता को शोध्य कोई रकम संदेय हो जाने के बाद छह मास की अवधि से परे एक वर्ष की अवधि तक के ब्याज का संदाय सचिव द्वारा, उसके द्वारा व्यक्तिगत रूप से अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि संदाय में विलम्ब ऐसी परिस्थितियों में हुआ था जो अभिदाता के वश के बाहर थीं, प्राधिकृत किया जा सकेगा और ऐसी हर दशा में जो प्रशासनिक विलम्ब उस मामले में होगा उसके संबंध में पूरी जांच की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो कार्रवाई की जाएगी ।

(7) यदि अभिदाता सचिव को यह सूचना देता है कि वह ब्याज नहीं लेना चाहता है तो ऐसा ब्याज उसके खाते में जमा नहीं किया जाएगा, किन्तु यदि वह बाद में ब्याज की मांग करता है तो उसे उस वर्ष की, जिसमें वह मांग करता है, 1 अप्रैल से जमा किया जाएगा ।

(8) ऐसी रकमों पर ब्याज, जो नियम 17 या नियम 18 के अधीन निधि में अभिदाता के नाम फिर से जमा कर दी जाती हैं, ऐसी दरों से, जो इस नियम के उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट हैं और जहां तक संभव होगा इस नियम में विहित रीति से, संगणित किया जायगा ।

12. निधियों में से अग्रिम:—(1) सचिव, किसी अभिदाता को ऐसा उधार दिए जाने की, जो पूरे-पूरे रुपयों में से और उसके तीन मास के वेतन की रकम से, अथवा निधि में उसके नाम जमा अभिदायों और उन पर ब्याज की आधी रकम से, इनमें से जो भी कम हो, अधिक न हो, निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए, मंजूरी दे सकेगा, अर्थात्:—

(क) अभिदाता अथवा उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी, प्रसवावस्था या निःशक्तता के संबंध में व्यय (जिनके अन्तर्गत, जहां कहीं आवश्यक हो वहां, यात्रा व्यय भी है) का संदाय करने के लिए;

(ख) अभिदाता या उस पर आश्रित किसी व्यक्ति की उच्च शिक्षा के व्ययों की (जिनके अन्तर्गत, जहां कहीं आवश्यक हो वहां, यात्रा व्यय भी है) निम्नलिखित मामलों में पूर्ति के लिए, अर्थात् :—

(1) हाई स्कूल स्तर के पश्चात्, शैक्षिक, तकनीकी, वृत्तिक अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए भारत से बाहर शिक्षा प्राप्त करने के लिए;

(2) हाई स्कूल स्तर के पश्चात्, भारत में चिकित्सा संबंधी, इंजीनियरी अथवा अन्य तकनीकी या विशिष्ट पाठ्यक्रम के लिए;

परन्तु वह तब जब कि पाठ्यक्रम तीन वर्ष से कम के लिए न हो :

(ग) प्रास्थिति के उपयुक्त मापमान पर ऐसे आवश्यकर व्ययों का संदाय करने के लिए, जो अभिदाता को रूढ़िक प्रथा के अनुसार विवाह, अन्त्येष्टि अथवा अन्य अनुष्ठानों के संबंध में करने पड़ें ;

(घ) अभिदाता द्वारा अपने शासकीय कर्तव्यों का पालन करने में उसके द्वारा किए गए किसी कार्य के लिए उसके विरुद्ध लगाए गए किन्हीं आरोपों के संबंध में अपनी स्थिति को न्यायसंगत ठहराने की दृष्टि से अभिदाता द्वारा संस्थित विधि कार्यवाहियों के व्यय की पूर्ति के लिए, ऐसी दशा में अग्रिम किसी अन्य बोर्ड स्रोत से उसी प्रयोजन के लिए अनुज्ञेय किसी अग्रिम के अतिरिक्त उपलब्ध होगा :

परन्तु इस खण्ड के अधीन अग्रिम ऐसे अभिदाता को अनुज्ञेय नहीं होगा जो अपने शासकीय कर्तव्यों से असम्बद्ध किसी मामले में या बोर्ड द्वारा उस पर अधिरोपित किसी सेवा की शर्त या शास्ति के संबंध में बोर्ड के विरुद्ध किसी मामले में किसी न्यायालय में विधिक कार्यवाहियां संस्थित करता है;

(ङ) जहां अभिदाता को बोर्ड द्वारा किसी न्यायालय में अभियोजित किया जाए, या जहां अभिदाता अपने किसी अभिकथित शासकीय अवचार की बाबत किसी जांच में अपने बचाव के लिए किसी विधि व्यवसायी को नियोजित करता है वहां, अपनी प्रतिरक्षा के व्यय की पूर्ति के लिए ।

(2) अध्यक्ष किसी भी अभिदाता को, किसी अग्रिम के संदाय की मंजूरी विशेष परिस्थितियों में दे सकता है यदि उसका यह समाधान हो जाए कि संबंधित अभिदाता की उप-नियम (1) में वर्णित कारणों से भिन्न किसी कारण से अग्रिम की आवश्यकता है ।

(3) अग्रिम, उप-नियम (1) में दी गई सीमा के आधिक्य में, अथवा उस समय तक, जब तक कि किसी पूर्वतन अग्रिम की, उस पर ब्याज सहित, अन्तिम किश्त वापस न कर दी जाए, सिवाय विशेष कारणों के, जिन्हें लेखबद्ध किया जाएगा, मंजूर नहीं किया जायगा :

परन्तु अग्रिम निधि में अभिदाता के नाम तथा अभिदायों तथा उन पर ब्याज की रकम से किसी भी दशा में अधिक नहीं होगा ।

स्पष्टीकरण 1—इस नियम के प्रयोजन के लिए, वेतन में, जहां अनुज्ञेय हो वहां, महंगाई वेतन भी शामिल है ।

स्पष्टीकरण 2—अभिदाता को उप-नियम (1) के खण्ड (ख) के अधीन प्रत्येक छह मास में एक बार अग्रिम लेने की अनुज्ञा रहेगी ।

13. अग्रिम की वसूली :—(1) (क) अग्रिम अभिदाता से उतनी समान मासिक किश्तों में वसूल किया जायेगा जितनी का निदेश सचिव दे । किन्तु ये किश्तें बारह से कम, यदि अभिदाता वैसा करता है तो, और चौबीस से अधिक, नहीं होंगी ।

(ख) ऐसे विशेष मामलों में, जहां कि अग्रिम की रकम नियम 12 के उप-नियम (3) के अधीन अभिदाता के तीन मास के वेतन से अधिक हो जाए वहां सचिव किश्तों की संख्या चौबीस से अधिक नियत कर सकता है किन्तु किसी भी दशा में किश्तों की संख्या छत्तीस से अधिक नहीं होगी ।

(ग) अभिदाता इन नियमों द्वारा विहित किश्तों से कम किश्तों में भी, अगले विकल्प पर, अग्रिम वापस कर सकता है ।

(घ) प्रत्येक किश्त पूरे-पूरे रुपयों में होगी और यदि आवश्यक हो तो इस प्रकार की किश्तों को नियत करने के लिए अग्रिम की रकम को बढ़ाया या घटाया जा सकता है ।

(2) (क) अग्रिम की वसूली, अभिदाता की वसूली संबंधी नियम 9 में उपबन्धित रीति से की जाएगी और जिस मास में अग्रिम लिया गया है उससे ठीक अगले मास का वेतन दिए जाने के साथ-साथ आरम्भ हो जाएगा ।

(ख) अग्रिम की वसूली, अभिदाता की सहमति के बिना, उस दशा में नहीं की जाएगी जब कि उसे जीवन निर्वाह अनुदान मिल रहा हो अथवा वह किसी कलेंडर मास में दस दिन या उससे अधिक के लिए छुट्टी पर हो और छुट्टी की उस अवधि के लिए उसे या तो कोई छुट्टी वेतन न मिल रहा हो या, यथा-स्थिति, आधे औसत वेतन के बराबर या उससे कम छुट्टी वेतन मिल रहा हो ।

(ग) सचिव, अभिदाता के लिखित अनुरोध पर, ऐसी किसी अवधि के दौरान, जब उसे मंजूर किए गए किसी अग्रिम वेतन की वसूली की जा रही हो, किसी अग्रिम की वसूली को स्थगित कर सकता है ।

(3) यदि निधि में से किसी अभिदाता को एक से अधिक बार अग्रिम दिए गए हैं तो प्रत्येक अग्रिम, वसूली के प्रयोजन के लिए अलग-अलग अग्रिम माना जाएगा ।

(4) (क) अग्रिम का मूलधन पूरी तरह से वापस कर दिए जाने के पश्चात उस पर ब्याज मूलधन होने और उसी पूरी-पूरी अदायगी कर दिए जाने के बीच की अवधि के दौरान प्रत्येक मास अथवा उसके भाग के लिए मूलधन के 1/5 प्रतिशत की दर से अदा किया जाएगा ।

(ख) ब्याज साधारणतया मूलधन की पूरी-पूरी अदायगी के बाद वाले मास में एक ही किश्त में दिया जायेगा किन्तु यदि खण्ड (क) में निर्दिष्ट अवधि बीस मास से अधिक की है तो ब्याज अभिदाता की इच्छानुसार दो समान मासिक किश्तों में वसूल किया जा सकेगा और वसूली की पद्धति वही होगी जो उप-नियम (2) में दी गई है ।

(5) यदि किसी अभिदाता को कोई अग्रिम दिया गया है और उसने अग्रिम ले लिया है और तत्पश्चात् अग्रिम की, उसकी अदायगी से पहले, अनुज्ञात कर दिया जाता है तो, लिया गया सारा अग्रिम अथवा उसका अतिशेष नियम II में निर्दिष्ट दर से ब्याज सहित तत्काल अभिदाता द्वारा निधि में वापस कर दिया जाएगा और यदि अभिदाता से ली गई रकम और ब्याज की अदायगी में कोई व्यतिक्रम करता है तो सचिव यह आदेश करेगा कि उसे अभिदाता की उपलब्धियों में से कटौती करके एक मुश्त अथवा बारह से अधिक की उतनी मासिक किश्तों में, जितनी सचिव द्वारा निर्दिष्ट की जाएं, वसूल कर लिया जायगा ।

(6) इस नियम के अधीन वसूल की गई रकमें, जब-जब उनकी वसूली की जाए, निधि में अभिदाता के खाते में जमा की जाएंगी ।

(7) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, यदि मंजूर करने वाले प्राधिकारी का समाधान हो जाए कि नियम 12 के अधीन निधि में से अग्रिम के रूप में लिए गए धन को उस प्रयोजन से, जिसके लिए धन निकालने की मंजूरी दी गई थी, भिन्न किसी प्रयोजन के लिए प्रयोग में लाया गया है तो संबंधित रकम तुरन्त निधि में अभिदाता द्वारा वापस की जाएगी और ऐसा करने में व्यतिक्रम होने पर यह आदेश दिए जाएंगे कि उन्हें अभिदाता की उपलब्धियों में से, भले ही वह छुट्टी पर हो, एक मुश्त कटौती करके वसूल किया जाए :

परन्तु यदि वापस की जाने वाली कुल रकम अभिदाता की मासिक उपलब्धियों के आधे से अधिक है तो वसूली उसकी उपलब्धियों के अर्द्ध भाग की मासिक किश्तों में तब तक की जाती रहेगी जब तक अभिदाता द्वारा पूरी रकम अदा न कर दी जाए ।

स्पष्टीकरण—इस नियम में, 'उपलब्धियों' के अन्तर्गत जीवन-निर्वाह अनुदान नहीं है ।

14. निधि में से धन की निकासी :—यहां विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन रहते हुए, सचिव, अभिदाता की बीस वर्ष की सेवा पूरी हो जाने के पश्चात्, जिसके अन्तर्गत सेवा भंग की अवधियां, यदि कोई हों, भी हैं, किसी भी समय, अथवा अधिवार्षिकी पर अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व दस वर्ष के भीतर, किसी भी समय, इनमें से जो पहले पड़े, निधि में अभिदाता के नाम जमा अभिदायों और उन पर ब्याज की रकम में से निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए धन की निकासी की मंजूरी दे सकता है, अर्थात् :—

(क) अभिदाता के किसी बालक की, जो उस पर वस्तुतः आश्रित हो उच्च शिक्षा के व्ययों की (जिनके अन्तर्गत, जहां कहीं आवश्यक हो वहां, यात्रा व्यय भी है), निम्नलिखित मामलों में, पूर्ति के लिए, अर्थात् :—

(1) हाई स्कूल स्तर के पश्चात्, यौगिक तकनीकी अथवा विशिष्ट पाठ्यक्रम के लिए भारत से बाहर शिक्षा प्राप्त करने के लिए;

(2) हाई स्कूल स्तर के पश्चात्, भारत में चिकित्सा संबंधी, इंजीनियरी, अथवा अन्य तकनीकी या विशिष्ट पाठ्य-क्रम के लिए :

परन्तु यह तब जब तक कि पाठ्यक्रम तीन वर्ष से कम के लिए न हो, ।

(ख) अभिदाता के पुत्रों या पुत्रियों के तथा उस पर वस्तुतः आश्रित किसी अन्य स्त्री नातेदार के विवाह के संबंध में व्यय की पूर्ति के लिए;

(ग) अभिदाता अथवा उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी के संबंध में व्ययों की (जिनके अन्तर्गत जहां कहीं आवश्यक हो वहां, यात्रा व्यय भी है) पूर्ति के लिए;

(घ) अपने निवास के लिए कोई उपयुक्त मकान बनवाने या प्राप्त करने के लिए, जिसमें जमीन का दाम भी है, अथवा इस प्रयोजन के लिए अभिव्यक्ति रूप में लिए गए किसी ऋण मद्धे किसी बकाया रकम को वापस करने के लिए, अथवा किसी ऐसे मकान के, जिस पर अभिदाता का पहले से स्वामित्व है या जिसे उसने अर्जित किया है, पुनर्निर्माण के लिए या उसमें परिवर्द्धन अथवा परिवर्तन करने के लिए;

(ङ) मकान के लिए जमीन खरीदने के लिए या इस प्रयोजन के लिए अभिव्यक्ततः लिए गए किसी ऋण मद्धे बकाया रह गई किसी रकम को वापस करने के लिए;

(च) खण्ड (ङ) के अधीन निकाली गई रकम का उपयोग करके खरीदी गई जमीन पर मकान का निर्माण करने के लिए ;

(छ) अभिदाता की सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व के छह मास के अन्दर कोई कृषि-भूमि अथवा कोई कारबार परिसर, अथवा दोनों, को प्राप्त करने के लिए ।

स्पष्टीकरण—ऐसा अभिदाता, जिसने गृह-निर्माण के प्रयोजनों के लिए अग्रिम दिए जाने की केन्द्रीय सरकार द्वारा आयोजित किसी स्कीम के अधीन कोई अग्रिम लिया है, या जिसे किसी अन्य सरकारी स्रोत से इस निमित्त कोई सहायता अनुज्ञात की गई है, खण्ड (घ), (ङ) और (च) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए, उन खण्डों के अधीन, तथा पूर्वोक्त स्कीम के अधीन लिए गए किसी ऋण को वापस करने के प्रयोजन के लिए भी, नियम 15 के उपनियम (1) के परन्तुकों में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए, अन्तिम निकासी की मंजूरी के लिए पात्र होगा ।

15. धन निकासी की शर्तें :—(1) (क) निधि में अभिदाता के नाम जमा रकम में से उसके द्वारा, नियम 14 में विनिर्दिष्ट एक या अधिक प्रयोजनों के लिए, किसी भी एक समय निकाली गई कोई रकम, निधि में अभिदाता के नाम जमा अभिदाय और उस पर ब्याज की रकम के आधे

से, अथवा छह मास के वेतन से, इनमें से जो भी कम हो, साधारणतया अधिक नहीं होगी।

(ख) सचिव, इस सीमा से अधिक, किन्तु निधि में अभिदाता के नाम जमा अभिदायों और उन पर ब्याज की रकम की तीन-चौथाई रकम तक धनराशि निम्नलिखित का सम्यक् विचार करते हुए, मंजूर कर सकेगा :—

(1) अभिदाता की प्रास्थिति,

(2) वह उद्देश्य, जिसके लिए धन निकाला जा रहा है,

(3) निधि में अभिदाता के नाम जमा अभिदाय और उन पर ब्याज की रकम :

परन्तु निकाली जाने वाली रकम किसी भी दशा में 1,25,000 रु० या मासिक वेतन के 75 गुना से, इनमें से जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी :

परन्तु यह और कि ऐसे अभिदाता की दशा में, जिसने गृह निर्माण के प्रयोजनार्थ अग्रिम दिए जाने की केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित किसी स्कीम के अधीन कोई अग्रिम लिया है या जिसे किसी अन्य सरकारी स्रोत से इस निमित्त कोई सहायता अनुज्ञात की गई है, इस उप-नियम के अधीन निकाली गई रकम, पूर्वोक्त स्कीम के अधीन लिए गए अग्रिम की रकम अथवा किसी अन्य सरकारी स्रोत से ली गई सहायता की रकम सहित, 1,25,000 रुपये या मासिक वेतन के 75 गुना से, इनमें से जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी।

स्पष्टीकरण 1—अभिदाता को नियम 14 के खण्ड (क) के अधीन छह मास में एक बार धन निकासी की अनुज्ञा रहेगी और ऐसी प्रत्येक निकासी को नियम 14 के प्रयोजनों के लिए अलग प्रयोजन के लिए निकासी माना जाएगा।

स्पष्टीकरण 2—उन दशाओं में, जिनमें अभिदाता को खरीदी गई किसी जमीन या मकान के लिए अथवा किसी गृह निर्माण सहकारी सोसाइटी अथवा वैसे ही किसी अभिकरण की मार्फत् निर्मित किसी मकान के लिए किश्तों में संदाय करना पड़ता है, उसे जब कभी उससे किसी किश्त के संदाय की अपेक्षा की जाए तब धन निकालने की अनुज्ञा रहेगी और ऐसा प्रत्येक संदाय नियम 14 के प्रयोजनों के लिए अलग प्रयोजन के लिए संदाय समझा जाएगा ।

(2) ऐसा अभिदाता, जिसे नियम 14 के अधीन निधि में से धन निकासी की अनुज्ञा दी गई है, युक्तियुक्त अवधि के भीतर, जो सचिव द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, सचिव का यह समाधान करेगा कि जिस प्रयोजन के लिए धन निकाला गया था उसका उसी प्रयोजन के लिए उपयोग किया गया है, और यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो, इस प्रकार निकाला गया सारा धन या उसका वह भाग, जो उन प्रयोजनों के लिए, जिनके लिए उसे निकाला गया था, उपयोग में नहीं लाया गया है, तुरन्त ही अभिदाता द्वारा नियम 11 में विनिर्दिष्ट दर से उस पर ब्याज सहित निधि में वापस कर दिया जाएगा, और यदि अभिदाता उस रकम को देने में व्यतिक्रम करता है तो सचिव यह आदेश देगा कि निकाली गई रकम और ब्याज एक मुश्त, अथवा ऐसी मासिक किश्तों में, जिनका सचिव निदेश दे, अभिदाता की उपलब्धियों में से कटौती करके वसूल किया जाए ।

(3)(क) यदि अभिदाता, जिसे निधि में उसके द्वारा जमा अभिदाय और उस पर ब्याज की रकम में से, नियम 14 के उपनियम (1) के खण्ड (घ), या खण्ड (ङ) या खण्ड (च) के अधीन धन निकालने की अनुज्ञा दी गई है, इस प्रकार निकाले गए धन से बनाए गए या प्राप्त किए गए मकान या जमीन का कब्जा, विक्रय, (सचिव को किए गए बंधक से भिन्न) बन्धक, दान, विनिमय द्वारा या अन्य किसी प्रकार से, सचिव की अनुज्ञा के बिना, विलग नहीं करेगा :

परन्तु ऐसी अनुज्ञा निम्नलिखित के लिए आवश्यक नहीं होगी—

(1) तीन वर्षों से अनधिक की किसी अवधि के लिए पट्टे पर लिए गए किसी मकान या मकान की जमीन के लिए, अथवा

(2) किसी गृह बोर्ड अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा जीवन बीमा निगम, अथवा किसी ऐसे अन्य निगम के पक्ष में, जिस पर केन्द्रीय सरकार का स्वामित्व या नियंत्रण है, और जो नया मकान बनवाने के लिए या विद्यमान मकान में परिवर्धन या परिवर्तन करने के लिए ऋण देता है, बन्धक रखे जाने के लिए।

(ख) अभिदाता प्रतिवर्ष दिसम्बर के 31वें दिन के अनुपरांत एक ऐसी घोषणा प्रस्तुत करेगा कि, यथास्थिति, मकान या मकान की जमीन यथापूर्वोक्त उसके कब्जे में बनी हुई है, या उसे बन्धक रखा गया है, या अन्यथा अन्तरित किया गया है, या किराए पर दे दिया गया है और यदि ऐसी अपेक्षा की जाए तो उस निमित्त सचिव द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख को या उससे पूर्व सचिव के समक्ष वह विक्रय, बन्धक या पट्टे के मूल विलेख और ऐसी दस्तावेजें भी पेश करेगा जिन पर सम्पत्ति के लिए उसका हक आधारित है ।

(ग) यदि अपनी सेवा निवृत्ति से पूर्व किसी भी समय, अभिदाता सचिव से पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किए बिना मकान या जमीन का कब्जा विलग कर देता है तो वह निधि में से अपने द्वारा निकाली गई रकम तुरन्त निधि में एक मुश्त अदा करेगा और ऐसी अदायगी में व्यतिक्रम होने पर सचिव, उस मामले में अभ्यावेदन करने के लिए अभिदाता को युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, उक्त रकम को अभिदाता की उपलब्धियों में से, या तो एकमुश्त या उतनी किस्तों में वसूल करवा लेगा जितनी सचिव द्वारा अवधारित की जाए।

स्पष्टीकरण—ऐसे अभिदाता से, जिसने सरकार से ऋण लिया है और उसके बदले मकान या जमीन सरकार को बंधक रख दी है, निम्नलिखित आशय की घोषणा प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाएगी, अर्थात्:—

"मैं यह प्रमाणित करता हूं कि वह मकान या जमीन, जिसके निर्माण के लिए या जिसे प्राप्त करने के लिए मैंने भविष्य निधि में से अंतिम निकासी प्राप्त की है, मेरे कब्जे में बनी हुई है किन्तु सरकार को बंधक है"।

16. किसी अग्रिम का निकासी में संपरिवर्तन :— (1) कोई भी अभिदाता, जिसने नियम 12 के उपनियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) में विनिर्दिष्ट किन्हीं भी प्रयोजनों के लिए उक्त नियम के अधीन कोई अग्रिम लिया है या भविष्य में ले, सचिव को संबोधित अपने लिखित अनुरोध द्वारा, उस अग्रिम के संबंध में अपना बकाया अतिशेष अंतिम निकासी में संपरिवर्तित कर सकेगा यदि वह प्रयोजन, जिसके लिए अग्रिम मंजूर किया गया था, ऐसा प्रयोजन है जिसके लिए नियम 14 के अधीन निकासी की जा सकती है और अग्रिम नियम 14 और नियम 15 में विनिर्दिष्ट अन्य शर्तों की पूर्ति करता है।

(2) इस नियम के प्रयोजनों के लिए, उस रकम की संगणना करने में, जिसे अभिदाता द्वारा निकालने की अनुज्ञा नियम 15 के उपनियम (1) के अधीन दी जा सकती है, संपरिवर्तन के समय खाते में अभिदाता के नाम जमा अभिदाय की रकम, उस पर ब्याज सहित, तथा उधार की बकाया रकम का योग उसके खाते नाम जमा अभिदाय का अतिशेष और ब्याज समझा जाएगा और प्रत्येक निकासी को एक अलग निकासी माना जाएगा और एक से अधिक संपरिवर्तनों की दशा में यही सिद्धान्त लागू होगा।

17. निधि में के संचयों की अंतिम निकासी :—जब कोई अभिदाता सेवा छोड़ देता है तब निधि में उसके नाम जमा रकम, नियम 20 के अधीन किसी कटौती के अधीन रहते हुए, उसे संदेय हो जाएगी :

परन्तु ऐसा अभिदाता, जिसे सेवा से पदच्युत कर दिया गया है और बाद में उसे सेवा में पुनःस्थापित कर लिया जाता है, यदि बोर्ड उससे वैसा करने की अपेक्षा करे तो, इस नियम के अनुसार उसे दी गई कोई भी रकम, नियम 11 में विनिर्दिष्ट दर से उस पर ब्याज सहित, नियम 18 के परन्तुक में उपबंधित रीति से वापस कर देगा । इस प्रकार वापस दी गई रकम निधि में उसके खाते में जमा की जाएगी, और वह भाग जो उसके अभिदायों और उन पर ब्याज का द्योतक है, और वह भाग जो बोर्ड के अंशदान का, उस पर ब्याज सहित, द्योतक है नियम 6 में उपबंधित रीति से लेखे में लिया जाएगा ।

स्पष्टीकरण 1—ऐसे अभिदाता के बारे में, जिसे अस्वीकृत छुट्टी मंजूर की गई है यह समझा जाएगा कि उसने अनिवार्य सेवा निवृत्ति की तारीख से या सेवा बढ़ाए जाने की अवधि की समाप्ति से सेवा छोड़ दी है ।

स्पष्टीकरण 2—ऐसे अभिदाता के बारे में, जो संविदा पर नियुक्त किए गए व्यक्ति से या ऐसे व्यक्ति से भिन्न हो जिसे सेवा से निवृत्त होने के पश्चात् सेवा में व्यवधान सहित या रहित, पुनःनियोजित कर लिया गया है, यह नहीं समझा जाएगा कि उसने सेवा छोड़ दी है यदि उसे सेवा में व्यवधान के बिना राज्य सरकार के अधीन किसी नए पद पर या केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में (जहां उसे दूसरे भविष्य निधि नियम लागू होते हों) अपने पहले के पद के साथ कोई संबंध बनाए रखे बिना अन्तरित कर दिया जाता है । ऐसे किसी मामले में उसका अभिदाय तथा बोर्ड का अंशदान, उस पर ब्याज सहित,—

(क) किसी अन्य निधि में के उसके खाते में उस निधि के नियमों के अनुसार अन्तरित कर दिया जाएगा, यदि नया पद केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में हो; अथवा

(ख) संबंधित राज्य सरकार के अधीन किसी नए खाते में अन्तरित कर दिया जाएगा, यदि नया पद राज्य सरकार के अधीन हो और वह राज्य सरकार उसके अभिदायों, बोर्ड के अंशदान और ब्याज के ऐसे अन्तरण के लिए, साधारण या विशेष आदेश द्वारा, सहमत हो ।

स्पष्टीकरण 3—अन्तरण के संबंध में यह समझा जाना चाहिए कि उसके अन्तर्गत सेवा से पद त्याग के ऐसे मामले भी हैं जब पदत्याग बिना किसी व्यवधान के और बोर्ड की समुचित अनुज्ञा से, केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में या राज्य सरकार के अधीन कोई नियुक्ति प्राप्त करने के लिए किया जाए । ऐसी दशाओं में, जिनमें सेवा में कोई व्यवधान आया है, यह व्यवधान उस कार्यग्रहण अवधि तक ही सीमित रहना चाहिए जिसकी अनुज्ञा किसी विभिन्न स्टेशन को अन्तरण की दशा में रहती है । यही बात छंटनी के उन मामलों को भी लागू होगी, जिनमें छंटनी के तुरन्त बाद कोई नियोजन, उसी सरकार के अधीन अथवा किसी अन्य सरकार के अधीन, ले लिया जाता है ।

स्पष्टीकरण 4—(क) जब कोई अभिदाता, जो संविदा पर नियुक्त किए गए व्यक्ति से या ऐसे व्यक्ति से भिन्न हो, जिसे सेवा से निवृत्त होने के पश्चात् सेवा को पुनःनियोजित किया गया है, किसी अन्य नियमित निकाय के अधीन, जिस पर सरकार का स्वामित्व या नियंत्रण हो, या सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी स्वायतशासी संगठन के अधीन सेवा में बिना व्यवधान के अन्तरित कर दिया जाता है, तब अभिदायों की रकम और बोर्ड का अंशदान, उस पर ब्याज सहित, उसे संदत्त नहीं किया जाएगा, किन्तु उस निकाय की सहमति से, उस निकाय के अधीन उसके नए भविष्य निधि खाते में अन्तरित कर दिया जाएगा ।

